संख्या-621/2018/2744/22-2-2017-17(665)/2017

प्रेषक,

अमर सेन सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 15 सितम्बर, 2018***

विषय:- जिला कारागार, हरदोई में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बन्दी हरीशंकर उर्फ तिवारी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, निवासी जनपद-हरदोई की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-35977/प्रोबेशन-7/सीमित सजा/(एम-06.09.2016) दिनांक 04.10.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, हरदोई में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बन्दी हरीशंकर उर्फ तिवारी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, जो-बरहुआं, थाना-मल्लावां, जनपद- हरदोई का रहने वाला है। दहेज मे रंगीन टी0वी0 मोटर साईकिल व नगद 20,000/रू0 की मांग पूरी न होने पर बंदी ने दिनांक 03.04.2010 को रात्रि में अपनी पत्नी रेखा का गला दबा कर हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-495/2010 में भा0द0वि0 की धारा-304बी, 498ए एवं 3/4 डी0पी0 एक्ट के अन्तर्गत मा0 अपर जिला व सत्र न्यायाधीश (कोर्ट सं0-1), हरदोई के आदेश दिनांक 10.05.2012 द्वारा 10 वर्ष के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 01.09.2016 तक 06 वर्ष 04 माह 21 दिन की अपरिहार सजा तथा 07 वर्ष 07 माह 26 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी ने दहेज मे रंगीन टी0वी0 मोटर साईकिल व नगद 20,000/रू0 की मांग पूरी न होने पर बंदी ने दिनांक 03.04.2010 को रात्रि में अपनी पत्नी रेखा का गला दबा कर हत्या कर दी। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी हरीशंकर उर्फ तिवारी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी हरीशंकर उर्फ तिवारी (बन्दी संख्या-110/12) पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, निवासी जनपद-हरदोई के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(अमर सेन सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-621/2018/2744(1)/22-2-2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, हरदोई।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्ंया-621/2018/2744/22-2-2017-17(665)/2017

दिनांक 15 सितम्बर, 2018 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

जिला कारागार, हरदोई में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बन्दी हरीशंकर उर्फ तिवारी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, जो-बरहुआं**,** थाना-मल्लावां**,** जनपद- हरदोई का रहने वाला है। दहेज मे रंगीन टी0वी0 मोटर साईकिल व नगद 20,000/रू0 की मांग पूरी न होने पर बंदी ने दिनांक 03.04.2010 को रात्रि में अपनी पत्नी रेखा का गला दबा कर हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-495/2010 में भा0द0वि0 की धारा-304बी, 498ए एवं 3/4 डी0पी0 एक्ट के अन्तर्गत मा0 अपर जिला व सत्र न्यायाधीश (कोर्ट सं0-1), हरदोई के आदेश दिनांक 10.05.2012 द्वारा 10 वर्ष के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 01.09.2016 तक 06 वर्ष 04 माह 21 दिन की अपरिहार सजा तथा 07 वर्ष 07 माह 26 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि बन्दी ने दहेज मे रंगीन टी0वी0 मोटर साईकिल व नगद 20,000/रू0 की मांग पूरी न होने पर बंदी ने दिनांक 03.04.2010 को रात्रि में अपनी पत्नी रेखा का गला दबा कर हत्या कर दी। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, हरदोई द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी हरीशंकर उर्फ तिवारी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(अमर सेन सिंह)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in